# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, Email- bseapatna@gmail.com, वेबसाईट : www.bsea.bihar.gov.in


## तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब के प्रबंधक कमिटी के निर्वाचन के लिए मतदाता सूची का प्रकाशन।

बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब की प्रबंधक कमिटी के निर्वाचन के लिए मतदाता सूची के प्रकाशन हेतु निम्नांकित कार्यक्रम निर्धारित किया गया है–

| क0 | कार्यक्रम | तिथि |
|---|---|---|
| i | प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन | 08.01.2026 |
| ii | दावा/ आपत्ति की प्राप्ति एवं निष्पादन की तिथि | 08.01.2026–24.01.2026 तक |
| iii | मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन | 03.02.2026 |

2. प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन निम्नांकित स्थलों पर किया जायेगा–

(क) प्रबंधक कमिटी तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब के कार्यालय के सूचना पट पर।

(ख) तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब के वेबसाईट– www.takhatpatnasahib.com पर।

(ग) निर्वाचन पदाधिकारी –सह– जिला पदाधिकारी, पटना के कार्यालय के सूचना पट पर।

(घ) जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी –सह– अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सिटी के कार्यालय के सूचना पट्ट पर।

(ङ) प्रारूप मतदाता सूची प्राधिकार के वेबसाईट– bsea.bihar.gov.in पर भी रहेगी।

(च) उपरोक्त के अतिरिक्त प्रबंधक कमिटी यदि किसी अन्य स्थान पर प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन आवश्यक समझे।

3. इच्छुक सदस्य संबंधित वेबसाईट से प्रारूप मतदाता सूची का अवलोकन एवं डाउनलोड भी कर सकते हैं।

4. प्रारूप मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधित करने से संबंधित दावा/आपत्ति आवेदन प्रबंधक कमिटी के कार्यालय में दिया जा सकता है। दावा/आपत्ति आवेदन का फार्म प्रबंधक कमिटी कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है। प्रबंधक कमिटी दावा/ आपत्ति का फार्म अपने वेबसाईट पर एवं उपरोक्त कंडिका–2 में वर्णित स्थानों पर भी उपलब्ध कराएगी। जहाँ से Print किया जा सकेगा।

5. मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने के लिए साक्ष्य के साथ आवेदन हाथो–हाथ, डाक से (स्पीड पोस्ट से) या ई–मेल से सीधे प्रबंधक कमिटी को भेजा जा सकेगा। परंतु दावा/आपत्ति प्राप्ति की निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

6. दावे/आपतियों के निष्पादन के पश्चात् मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कंडिका–2 में अंकित स्थलों पर किया जायेगा। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची प्राधिकार/ तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब के वेबसाईट से भी डाउनलोड किया जा सकेगा।

(हस्ताक्षर) .1.26

अवर सचिव

बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना।

BSEA.dt_24.12.2025_Rajesh